२२८२/RTI/२०१३
11/4/13

Ministry of Home Affairs
नई दिल्ली/New Delhi-1
2 APR 2013
593/SP

सेवा में,

श्रीमान जनसूचनाधिकारी/प्रमुख सचिव
गृह भारत सरकार नई दिल्ली

विषय–: प्रार्थी को शोधकार्य हेतु सूचनाधिकार अधिनियम –2005 के तहत सूचना प्रदान करने हेतु प्रार्थना–पत्र–:

महोदय,

मैं प्रार्थी ग्रामीण विकास का शोध छात्र हूँ मुझे अपने शोधकार्य हेतु निम्नलिखित सूचनायें प्रदान करने की कृपा करें ।

1–नक्सलवादी आंदोलन के प्रारम्भ से 1990 तक देश में कितने प्रदेश नक्सलवादी आंदोलन से प्रभावित थे एवं वर्तमान में कितने प्रदेश नक्सलवादी आंदोलन से प्रभावित है उनकी सूची नाम सहित उपलब्ध करायें।

2–नक्सलवादी आंदोलन के प्रारम्भ से 1990 तक नक्सलवाद से प्रभावित प्रदेशों में कितने जिले तथा गाँव नक्सलवादी आंदोलन से प्रभावित थे। वर्तमान में कितने हैं । संख्या में उपलब्ध करायें ।

3– नक्सलवादी आंदोलन के प्रारम्भ से 1990 तक देश के कुल कितने प्रतिशत भू–भाग पर इसका विस्तार था । वर्तमान में कितने प्रतिशत भू–भाग पर इसका विस्तार हैं ।

4–पूरे देश में नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलवादी आंदोलन के प्रारम्भ से 1990 तक कितने किसानों, मजदूरों तथा बेरोजगारों ने आत्महत्यायें की हैं एवं कितने लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में मरें, तथा कितनी भूख से मौतें हुई और कितनी महिलाओं के साथ बलात्कार एवं अमानवीय घटनायें हुई, एवं इन क्षेत्रों में कितने मानवाधिकार के मामले दर्ज किये गये । संख्या में उपलब्ध करायें ।

5– पूरे देश में 1991 से 2012 तक कितने किसानों, मजदूरों तथा बेरोजगारों ने आत्महत्यायें की हैं एवं कितने लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में मरें, तथा कितनी भूख से मौते हुई और कितनी महिलाओं के साथ बलात्कार एवं अमानवीय घटनायें हुई, एवं इन क्षेत्रों में कितने मानवाधिकार के मामले दर्ज किये गये । संख्या में उपलब्ध करायें ।

6–पूरे देश में नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलवादी आंदोलन के प्रारम्भ से 1990 तक पुलिस एवं सैन्य बल की बर्बता के कारण कितने लोग

मौत का शिकार हुए है। तथा कितने मानवाधिकार हनन के मामले दर्ज किये गये है । संख्या में उपलब्ध करायें ।

7–पूरे देश में 1991 से 2012 तक पुलिस एवं सैन्य बल की बर्बता के कारण कितने लोग मौत का शिकार हुए है। तथा कितने मानवाधिकार हनन के मामले दर्ज किये गये है । संख्या में उपलब्ध करायें ।

8– पूरे देश में नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलवादी आंदोलन के प्रारम्भ से 1990 तक कितने नक्सली मारे गये, कितने गिरफ्तार किये गये, एवं नक्सलियों ने कितने लोगों को मारा, कितने अपहरण किये । नक्सलियों के पास वर्तमान में कितने सशस्त्र कैडर है एवं कितने पार्टी सदस्य तथा कितने सामान्य सदस्य हैं ।

9– पूरे देश में 1991 से 2012 तक कितने नक्सली मारे गये, कितने गिरफ्तार किये गये, एवं नक्सलियों ने कितने लोगों को मारा, कितने अपहरण किये । नक्सलियों के पास वर्तमान में कितने सशस्त्र कैडर है एवं कितने पार्टी सदस्य तथा कितने सामान्य कार्यकर्ता हैं ।

10–नक्सलियों ने पूरे प्रदेश के अन्दर 1991 से 2012 कितने स्कूल उडायें, कितने पचांयत भवन उड़ायें, कितनी सड़के उड़ायी एवं अन्य सरकारी इमारतों को नुकसान पहुचाया हैं ।

✓ 11– वर्तमान मे देश के अन्दर कितने वामपंथी संगठन प्रतिबंधित हैं उनकी सूची उपलब्ध करायें ।

12–1991 से 2012 तक कुल कितनी धनराशि नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के नाम पर खर्च की गयी । तथा कितनी धनराशि विकास के नाम पर खर्च की गयी केवल संख्या में उपलब्ध कराये । वर्तमान में देश के कुल रक्षा बजट का कितने प्रतिशत धनराशि नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के नाम खर्च किया जा रहा हैं ।

13– पूरे देश में नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलवादी आंदोलन के प्रारम्भ से 1990 तक कितने लोगों को विस्थापित किया गया उनमें से कितने प्रतिशत लोगों को पुर्नावासित किया गया तथा 1991 से 2012 तक तक कितने लोगों को विस्थापित किया गया उनमें से कितने प्रतिशत लोगों को पुर्नावासित किया गया उनकी संख्या SC, ST/आदिवासी, OBC तथा समान्य वर्ग की अलग–2 बताये।

14– पूरे देश में नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलवादी आंदोलन के प्रारम्भ से 1990 तक कितने लोग भूमिहीन थे एवं वर्तमान में कितने प्रतिशत लोग भूमिहीन हैं । उनकी संख्या SC, ST/आदिवासी, OBC तथा समान्य वर्ग की अलग–2 बताये।

15– हमारी सरकार नक्सलवाद को क्या मानती हैं? इसकी क्या परिभाषा हैं?

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि प्रार्थी को उपरोक्त बिन्दुओं की सूचना अतिशीघ्र प्रदान करने की कृपा करें, ताकि प्रार्थी अपना शोध कार्य अतिशीघ्र पूरा कर सके ।

आपकी महान कृपा होगी ।

प्रार्थी

Ajay Kumar

अजय कुमार पुत्र श्री महराजदीन वर्मा
शोध छात्र
मॉ.गा.चि.ग्रा.वि.वि.चि.सतना (मध्यप्रदेश)
सूचना देने का पता–:ग्राम व पोस्ट–:मोहल्ला भाटन टोला,
नगर पंचायत नगराम जनपद–: लखनऊ उ0प्र0

दिनॉक–:30.03.2013

संलग्न–:

1. विश्वविद्यालय कि विभागाध्यक्ष का प्रमाणपत्र की छायांप्रति।
2. विश्वविद्यालय के आई.कार्ड. की छायांप्रति ।
3. 10 रूपयें का पोस्टल आर्डर साथ में संलग्न हैं ।

पोस्टल आर्डर नं.
06F 811056

Received Deptt

**RTI MATTER** 10

**No. II-18015/24/2013-NM/ANO-II**
**Government of India**
**Ministry of Home Affairs**
**Naxal Management Division**
**(ANO Wing)**

Room No. 210-A, North Block
New Delhi, Dated the 20 May, 2013

To

Shri Ajay Kumar
Vill & Post – Mohalla Bhatan Tola
Nagar Panchayat Nagaram
Dist – Lucknow (Uttar Pradesh)

**Sub: Information sought under the RTI Act, 2005 – regarding.**

Please refer to your RTI application dated 30.03.2013 received in this office on 08.05.2013 from Sh. Shantanu, Director & CPIO, Ministry of Home Affairs for providing available information.

2. The information in respect of point 12 of your application is given below:

A scheme namely, 'Construction/Strengthening of Fortified Police Stations' is under implementation in Left Wing Extremist (LWE) affected States, under which 400 Police Stations/Outposts would be constructed in the 9 LWE affected States @ 2.00 crore per police station on 80:20 (Centre share: State share) basis.

**State-wise details of funds released during 2010-11 to 2012-13:**

(Rs. in crore)

| Sl. No. | States | Total funds released |
|---|---|---|
| 1. | Andhra Pradesh | 22.00 |
| 2. | Bihar | 98.375 |
| 3. | Chhattisgarh | 41.25 |
| 4. | Jharkhand | 80.625 |
| 5. | Madhya Pradesh | 12.90 |
| 6. | Maharashtra | 5.50 |
| 7. | Odisha | 81.75 |
| 8. | Uttar Pradesh | 8.25 |
| 9. | West Bengal | 19.35 |
| | **Total** | **370.00** |

3. Appeal u/s 19(1) of the Act, if any, is to be made within 30 days of receipt of this communication and the same lies with Sh. M.A. Ganapathy, Joint Secretary (NM), Room No.193-A/1, North Block, MHA, New Delhi-110001

ISSUED
20 MAY 2013
/MHA (NB)

(Deepak Kumar Kedia)
Deputy Secretary (ANO-II) & CPIO
Telefax. 011 2309 2670

Copy to: Sh. Shantanu, Dir (NM) & CPIO w.r.t. your letter No.II.18015/20/2013-NM III dated 7th May 2013.